देहरादून,पौड़ी-गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 15 अंक: 2 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए

विचार-प्रवाह...क्रूरता के छोर से ही शुरू होता...




# पेज थ्री

देहरादून, मंगलवार, 24 मार्च 2020




मौसम अधिकतम 28.0° न्यूनतम 17.0°

26002.14

2 भारत के 'जनता कर्फ्यू' के चर्चे | 7 जिंदगी रही तो ही ओलिंपिक खेल पाएंगे

# केंद्र की लॉकडाउन पर सख्ती

■फिलहाल कोरोना से 24 लोग ठीक हो गए हैं, 9 की हो चुकी है मौत

## नियम तोड़ने वालों के खिलाफ राज्यों को कानूनी कार्रवाई के निर्देश


**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। केंद्र ने सोमवार को राज्य सरकारों से कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए लगाए गए लॉकडाउन को सख्ती से लागू करने के निर्देश दिए हैं। केंद्र ने राज्य सरकारों से लॉकडाउन का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई का निर्देश भी जारी किया है। पीआईबी के प्रधान महानिदेशक केएस धतवालिया ने एक ट्वीट में कहा कि राज्यों को उन क्षेत्रों में सख्ती से लागू करने के लिए कहा गया है जहां इसकी घोषणा की गई है। इसका उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। केंद्र सरकार की ओर से यह निर्देश प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लॉकडाउन को गंभीरता से लेने के लिए जनता से अपील के एक घंटे बाद आया, जिसमें पीएम मोदी ने राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि नियमों और कानून का पालन किया जाए।

पीएम मोदी ने सोमवार को ट्विटर के माध्यम से जनता से अपील करते हुए कहाकि कई लोग अभी भी लॉकडाउन को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं। कृपया अपने आप को बचाएं, अपने परिवार को बचाएं और निर्देशों का पालन करें।

उन्होंने साथ ही राज्य सरकारों से भी अपील की है कि वह इस ओर ध्यान दें। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि कानून-व्यवस्था का पालन करने के लिए मैं राज्य सरकारों से अनुरोध करता हूं।

इससे पहले रविवार को केंद्र और राज्य सरकारों ने देश भर के 75 जिलों को पूरी तरह से बंद करने का फैसला किया है जहां कोरोना वायरस के मामले सामने आए हैं।



### देश के 23 राज्यों में 437 मरीज

नई दिल्ली। कोरोना वायरस का कहर दुनिया के साथ-साथ भारत में भी बढ़ता जा रहा है। इसका फैलना कम करने के लिए अब 75 जिलों के साथ-साथ कई राज्यों को 31 मार्च तक लॉकडाउन कर दिया गया है। सरकारी आंकड़ों में अब तक 437 मामले सामने आए हैं। इसमें से 41 विदेशी हैं। 9 लोगों की मौत भी हो चुकी है। भारत सरकार की तरफ से लोगों को इसके प्रति जागरूक किया जा रहा है, फैलने से रोकने के लिए कई कदम भी उठाए गए हैं। विदेशों में फंसे भारतीयों को भी सरकार वापस ला रही है।

### कोरोना वायरस से निपटने की तैयारियों पर सुप्रीम कोर्ट सरकार से संतुष्ट

नई दिल्ली। कोरोना वायरस से निपटने के लिए सरकार ने जो सख्ती दिखाई उसकी सुप्रीम कोर्ट ने तारीफ की। कोर्ट ने माना कि सरकार सभी जरूरी कदम उठा रही है और आलोचक तक इसकी सराहना कर रहा है। देश के चीफ जस्टिस ने एक मामले की सुनवाई के दौरान कहा कि पूरा देश यह मान रहा है कि सरकार कोरोना को लेकर सभी जरूरी कदम उठा रही है।

सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। सुप्रीम कोर्ट में कोरोना से जुड़ी एक याचिका पर सुनवाई के दौरान यह बात कही गई। याचिका में मांग उठी थी कि कोरोना से निपटने के लिए सरकार को और जरूरी कदम उठाने के लिए कहा जाए।

## लापरवाह लोगों की चिंताजनक तस्वीरें

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** देहरादून। इस सवाल का जवाब उन कुछ तस्वीरों में ढूंढा जा सकता है जो लॉकडाउन घोषित इलाकों से आ रही हैं। देश के कई हिस्सों से भीड़भाड़ की ऐसी तस्वीरें आ रही हैं जो सरकारों एवं स्वास्थ्य एजेंसियों की चैन उड़ाने वाली हैं। सोशल डिस्टैंसिंग के तमाम आग्रहों, अपीलों के बावजूद लोग बेवजह बेखौफ हो घरों से बाहर निकल रहे हैं और भीड़ जुटा रहे हैं। आज सुबह दिल्ली-नोएडा बॉर्डर पर गाड़ियों की लगी लंबी कतार हो या फिर कानपुर की सब्जी मंडी में लोगों की उमड़ी भीड़। लोगों की लापरवाही परेशान करने वाली है।

# महाराष्ट्र और पंजाब में कर्फ्यू लागू

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

चंडीगढ़। महाराष्ट्र में और पंजाब में कोरोना वायरस के कारण कर्फ्यू लागू कर दिया गया है। पंजाब के सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह और महाराष्ट्र के सीएम उद्धव ठाकरे ने इस संबंध में थोड़ी देर पहले इस संबंध में आदेश जारी किया। यह कदम राज्य में 31 मार्च तक लॉकडाउन लागू करने के बावजूद लोगों के पूरी तरह नहीं मानने के कारण उठाया गया है।

राज्य के मुख्य सचिव करण अवतार सिंह और डीजीपी दिनकर गुप्ता के राज्य में हालत के बारे में अधिकारियों के साथ रिव्यू मीटिंग की और इसके बाद राज्य में

### लॉकडाउन नहीं मानने पर सरकार ने उठाया कदम

कर्फ्यू लगाने के आदेश जारी किया गया। सभी डिप्टी कमिश्नर को इसके लिए आदेश जारी करने को कहा गया है। कर्फ्यू के दौरान अगर किसी व्यक्ति को छूट चाहिए तो उसे विशेष कारण बताना होगा और निश्चित समय के लिए ही यह छूट दी जाएगी।

काबिले गौर है कि पंजाब सरकार ने आज सोमवार से लेकर 31 मार्च तक पूरे राज्य में लॉक टाउन के आदेश दिए थे और आवश्यक चीजों को ही छो छूट दी गई थी। आज दिन भर बहुत से जगहों पर लोगों की आवाजाही देखी गई। कुछ ऐसी दुकानी भी खुली रहीं जो आवश्यक वस्तुओं के अधीन नहीं आती। इसको देखते हुए मुख्य सचिव और बीजेपी की ओर से एक रिव्यू मीटिंग ली गई। मुख्यमंत्री ऑफिस भी अपने विभिन्न स्रोतों से इस बात की जानकारी ले रहा है कि राज्य में स्थिति कैसी है और हर तरफ से यही आ रहा है कि बहुत से लोग बिना वजह भी सड़कों पर आए हुए हैं यहां तक कि ऑटो भी चल रहे हैं जबकि इन्हें पहले दिन ही बंद कर दिया गया था कर्फ्यू के दौरान स्थिति क्या रहेगी इसके आदेश अभी थोड़ी देर में ही जारी किए जाएंगे।

### अब देशभर में कर्फ्यू जरूरी

यूं तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर रविवार को पूरे देश में श्जनता कर्फ्यूश् को जोरदार समर्थन मिला। हालांकि, कुछ ऐसे भी लोग थे जिन्होंने न तो प्रधानमंत्री की अपील की परवाह की और न ही खुद या अपने परिजनों, चहेतों के स्वास्थ्य की चिंता और निकल पड़े बेखौफ तमाशा देखने घरों से निकल पड़े। इसलिए, इतना तो कहा जा सकता है कि अगर ऐसे चंद लोगों के लिए पूरे देश को कर्फ्यू का सामना करना पड़े तो भी ये भी स्वीकार।



लॉकडाउन के पहले दिन कुछ ऐसा रहा दून का नजारा।

## दिल्ली की सभी अदालतें चार अप्रैल तक बंद, एचसी में भी नहीं होगा कोई कामकाज

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

नई दिल्ली। कोरोना के बढ़ते खतरे को देखते हुए दिल्ली की सभी अदालतें चार अप्रैल तक के लिए बंद कर दी गई हैं। दिल्ली हाई कोर्ट को भी चार अप्रैल तक के लिए बंद कर दिया गया है। सोमवार को हाई कोर्ट में बैठक के बाद ये फैसला किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार, आपात मामलों की सुनवाई के लिए हाई कोर्ट में एक रजिस्ट्रार होगा, जिसका नम्बर जारी किया जाएगा और सभी निचली कोर्ट में प्रशासनिक अधिकारी नियुक्त होगा। इनके पास एडवोकेट को बताना होगा कि ऐसा क्या आपात मामला है कि सुनवाई टल नहीं सकती।

## संक्षिप्त समाचार

### कोरोना के इलाज की जगी उम्मीद, ये दवा हो सकती है असरदार

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारत में कोविड-19 के हाई-रिस्क वाले मामलों में इलाज के लिए हाईड्रोक्लोरिन इस्तेमाल की जा सकती है। यह सुझाव इंडियन काउंसिल ऑफ मेडिकल रिसर्च की ओर से कोविड-19 के लिए बनाई गई नेशनल टास्क फोर्स ने दिया है। यह दवा मुख्य रूप से मलेरिया के इलाज में इस्तेमाल होती है। एडवायजरी के मुताबिक, ये दवा उन हेल्थकेयर वर्कर्स को दी जा सकती है जो संदिग्ध या कन्फर्म कोविड-19 मामलों की सेवा में लगे हैं। इसके अलावा लैब में कन्फर्म मामलों के घरवालों को भी यह दवा देने की सलाह दी गई है।

### चौथे चरण के मेट्रो निर्माण के लिए मिले 2400 करोड़

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने वित्तीय वर्ष 2020-21 के लिए पेश बजट में दिल्ली मेट्रो को रफ्तार देने के लिए खजाना खोल दिया है। बजट में दिल्ली मेट्रो के चौथे फेज के निर्माण के लिए 2400 करोड़ रुपये की भारी-भरकम रकम का एलान किया है। इससे मेट्रो विस्तार के साथ लाखों यात्रियों को लाभ मिलेगा। वहीं, कोरोना वायरस से लड़ाई के लिए इस साल के लिए 3 करोड़ की राशि और अगले वित्त वर्ष के लिए 50 करोड़ की व्यवस्था की गई है।

### नए लो पर पहुंचा रुपया, पहली बार 76 के नीचे

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। कोरोना वायरस के चलते हर जगह कोहराम मचा हुआ है। शेयर बाजार धड़ाम हो रहे हैं और रुपया भी लुढ़कता जा रहा है। आज रुपया नए लो पर पहुंच गया। डॉलर के मुकाबले रुपये में 95 पैसे की गिरावट देखी गई और वह 76.15 के स्तर पर देखा गया। घरेलू शेयर बाजार में भारी बिकवाली की वजह से रुपये पर दबाव देखने को मिला। रुपया 19 मार्च को पहली बार 75 के नीचे पहुंचा था। शुक्रवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 75.20 पर बंद हुआ था।


***Are you Planning to make a Website or already have ?***

***If yes, then we are here to serve you***

**What we do**

**Website Development**
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

**Promotion & Branding**
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

**Search Engine Optimisation**
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
**Gadoli Media Ventures**
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in